राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
RAJA SANKAR SAH UNIVERSITY, CHHINDWARA (M.P.),
P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara Phone (o)- 07162-230266 Email-registrar.cuc@mp.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्र. 57 /उ.पु.निविदा/भण्डार/रा.श.श.वि./2026 छिंदवाड़ा दिनांक 03/01/2026

# //उत्तरपुस्तिका क्रय निविदा वर्ष 2025–26//

**विषय : स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की विभिन्न परीक्षाओं हेतु उत्तरपुस्तिका क्रय किये जाने के संबंध में ई–निविदा आमंत्रण सूचना/विज्ञप्ति।**

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा उत्तरपुस्तिका क्रय/मुद्रण हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी फर्म/अभिकरण से ऑनलाईन निविदाएं (Two Bid Tender System) तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण/शर्ते www.mptender.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यह निविदा राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, की वेबसाइट www.cuc.ac.in पर भी देखी जा सकती है।

निविदाकर्ता निम्नलिखित विवरण अनुसार निविदा प्रस्तुत करे :–

| | |
|---|---|
| **ऑनलाईन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक तिथि** | 05/01/2026 |
| **ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि** | 27/01/2026 |
| **ऑनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि** | 27/01/2026 |

निविदा (Two Bid Tender System परिशिष्ट अ–ब) उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष विश्वविद्यालय में गठित समिति द्वारा दिनांक 29/01/2026 को समय 12:00 बजे कुलसचिव कार्यालय, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में खोले जावेंगे। निविदाकारों से अनुरोध है कि तकनीकि बीड से संबंधित दस्तावेजों को आनलाईन तथा एक प्रति ऑफलाईन सील बंद लिफाफे में भण्डार विभाग, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा को दिनांक 27/01/2026 को **05:00 अपरान्ह** तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये जा सकेगें। डाक वितरण (Postal delays) में किसी भी प्रकार के विलंब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं रहेगा।

**नोटः–** निविदा/पुनः निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन/पुनः प्रकाशन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा। यह केवल विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट www.cuc.ac.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

02/01/26

कुलसचिव,
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय,
छिंदवाड़ा

## //निविदाकर्ता हेतु आवश्यक अर्हकारी शर्तें//

अ निविदा प्रपत्र को क्रय करने का मूल्य राशि रूपये 5000/– (पांच हजार रूपये मात्र) है जो ऑनलाईन www.mptender.gov.in पर जमा करना होगा। यह राशि वापसी योग्य नहीं है।

ब निविदा का अनुमानित मूल्य 1.5 करोड़ होगा। (सुरक्षा राशि EMD न्यूनतम 3 प्रतिशत अर्थात 450000/– (चार लाख पचास रूपये मात्र) MpTender में ऑनलाईन जमा कर उसकी एक प्रति राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

- निविदा में ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी में क्रमानुसार, निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. निविदाकार को निविदा में भाग लेने हेतु स्वयं की फर्म का पंजीकृत वाणिज्यक कर नं. (GST NUMBER), आयकर विभाग का स्थायी खाता क्र. (PAN) की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन (2022–23, 2023–24, 2024–25) संलग्न करना अनिवार्य है जिसमें विगत 03 वर्षो का औसत आयकर रिटर्न न्यूनतम 07 लाख रूपये जो सी.ए. द्वारा प्रमाणित हो की सत्यापित प्रति संलग्न करना होगा। (असेसमेन्ट वर्ष 2025–26 तक)
3. फर्म का पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं स्थायी पते के लिये कृपया संपत्तिकर/टेलीफोन बिल/गुमास्ता लायसेंस/नगर निगम लायसेंस बिल/विद्युत बिल इसमें से कोई भी एक प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था के किसी उपक्रम में निविदत्त कार्य के समान कम से कम एक वर्ष के अनुभव संबंधी प्रमाण–पत्र।
5. किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में चालू/विगत वर्षों में ब्लेकलिस्टेड न होने तथा सुरक्षा राशि जप्त न होने का प्रमाण पत्र (रूपये 500 के स्टाप पेपर पर नोट्राइज्ड शपथ पत्र अनिवार्य होगा)।
6. निविदाकार का विगत तीन वर्षों में से किन्ही एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर 4.5 करोड़ (चार करोड़ पचास लाख रूपये मात्र) से कम नही होने का सी.ए. द्वारा प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें।
7. उत्तरपुस्तिका मुद्रण के उपयोग में लाए जाने वाले पेपर नमूने पर पेपर निर्माता मिल का नाम, पेपर का जी.एस.एम. निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा। पेपर सेम्पल सहीं न पाये जाने पर संबंधित निविदाकार को निविदा से बाहर करने का अंतिम अधिकार कुलसचिव का होगा।
8. तकनीकि निविदा में सफल निविदाकार/फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
9. जमा की गई ईएमडी रसीद की एक प्रति तथा क्रय किये गये निविदा प्रपत्र की प्रति।

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में निम्नांकित विवरण अनुसार उत्तर पुस्तिका का मुद्रण करवाया जाना है। जिसका तकनीकि विवरण एवं शर्ते निम्नानुसार है :—

| क्र. | उत्तरपुस्तिका | मात्रा | पृष्ठ संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य उत्तर पुस्तिका | 20 लाख | 1. 32 पृष्ठ (16 लीफ) कवर प्रथम पृष्ठ मुद्रित, परीक्षार्थी के लिये निर्देश, मूल्यांकन के लिए टेबल एवं परीक्षार्थी संबंधित जानकारी भरने के लिए मुद्रण एवं रंग हल्का गुलाबी होगी। | 1. आकार 22x28 से.मी.<br>2. पृष्ठों पर पृष्ठ संख्या उपर अंकित होगी।<br>3. प्रत्येक उत्तरपुस्तिका के कव्हर पेज पर रोल नंबर विषय, प्रश्न—पत्र मीडियम, परीक्षार्थी निर्देश, मूल्यांकन टेबल इत्यादि का मुद्रण होगा।<br>4. मार्जिन—प्रत्येक पृष्ठ के बायी ओर 2.3 से.मी. एवं उपरी भाग में 3.5 से.मी. रहेगी।<br>5. उत्तर पुस्तिका के मार्जिन में बायी ओर 2.00 से.मी.X1.5 से.मी. बॉक्स होगा।<br>6. अन्दर के पृष्ठ 70 जी.एस.एम. पेपर मिनिमम 85% ब्राइटनेस। (''ए'' ग्रेड पेपर मिलों का प्रयुक्त किया जाना है।)<br>7. पंक्तियों में 01 सेंटीमीटर दूर होगी एवं हल्के काले रंग में होगी।<br>8. बाईडिंग —साईड थ्रेड सिलाई।<br>9. उत्तरपुस्तिका में बायी ओर उपर मोनो मुद्रित होगा।<br>10. मुख्य उत्तरपुस्तिका में बायी ओर उपर एक होल पंच होगा।<br>11. पैकिंग — 250—250 की मात्रा पैक कर बॉक्स के उपर सीरियल नंबर (प्रथम एवं अंतिम) अंकित कर प्लास्टिक डोरी से बांधकर मोटे ब्राउन पेपर/प्लास्टिक पैक पर पैकिंग स्लिप लगाया जाना है। कवर पृष्ठ के रंग अनुसार होगी।<br>12. उत्तर पुस्तिकाओं की सप्लाई निविदाकर्ता को राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में करनी होगी |
| 2. | पूरक/प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका | 15 लाख | 1. 12 पृष्ठ (6 लीफ) पूरक/प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका पेज में आधे भाग पर परीक्षार्थी संबंधी जानकारी का अंकन एवं आधे पृष्ठ से लेखन कार्य के लिए रहेगा। | |

**नोट :—**

- उपरोक्त क्रमांक 01 से 02 तक की सामग्री की दरों के योग के न्यूनतम दर प्रदायकर्ता को सफल निविदाकार (एल—1) घोषित किया जायेगा।
- सफल निविदाकार को सुरक्षा मानकों के संबंध में मुद्रण के समय जानकारी व अंतिम निर्णय कुलसचिव का होगा।

## //सामान्य शर्ते//

1. सफल निविदाकार की फर्म की उत्पादन क्षमता आकलन हेतु उनके परिसर का निरीक्षण किया जायेगा।
2. प्रदाय की गयी सामग्री के लैब टेस्ट उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।
3. उपरोक्त विवरण की सामग्री के मुद्रण एवं प्रदाय हेतु पंजीकृत प्रिंटिग फर्मों से निविदा के अंतर्गत पेपर सहित मुद्रण बंधन, परिवहन एवं अन्य कार्य की दरें दर्शाते समय यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाये की सभी करों का समावेश कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त जो भी कर समान्यतः देय होते है उनका स्पष्ट उल्लेख किया जाकर निविदा प्रपत्र में राशि का दर्शाना आवश्यक है।
   दर्शायी गई दरें राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में मुद्रित सामग्री पहुंचाने तक समस्त व्यय को सम्मिलित कर दिया जावे।
4. निविदाओं में न्यूनतम दर होना ही पर्याप्त नहीं है निविदा क्रय समिति की अनुशंसा निविदा की दर एवं मुद्रण की गुणवत्ता के आधार पर भी क्रय की अनुंशसा विश्वविद्यालय प्रशासन कर सकती है।
5. वित्तिय बीड के अनुसार वांछित सामग्री की दरों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत न्यूनतम दरें 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगी। इस संबंध में सफल निविदाकर्ता एवं विश्वविद्यालय के मध्य अनुबंध किया जावेगा तथा दोनो पक्षों की आपसी सहमति से अनुबंध को एक वर्ष पश्चात् आपसी सहमति के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।
6. उत्तर पुस्तिका के कार्यादेश प्राप्ति के दो दिवस के पश्चात पेपर सहित प्रिंटिग विवरण के प्रूफ का अनुमोदन विश्वविद्यालय से कराकर अनुमोदित सेम्पल अनुसार संपूर्ण सामग्री कार्यादेश प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर अनिवार्यतः विश्वविद्यालय को प्रदाय करनी होगी। उसके पश्चात सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम प्रूफ अनुमोदन जिस दिनांक को किया गया है प्रमाण स्वरूप अनुमोदन किए जाने संबंधी विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र देयक के साथ संलग्न करना होगा।
7. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पाई गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाए जाने पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि के रूप में जमा एफ.डी.आर राजसात कर ली जावेगी। गुणवत्ता में कमी प्रतीत होने की स्थिती में लैब परीक्षण NABL अक्रेडेशन लैब से कराया जावेगा, लैब परीक्षण में जो राशि का व्यय होगा उसका वहन मुद्रक द्वारा किया जावेगा।

8. मुद्रक द्वारा मुद्रित सामग्री की आपूर्ति के उपरांत देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, मालप्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण–पत्र के साथ रेण्डम नमूने सहित देयक तीन प्रतियों में विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा। मुद्रक द्वारा प्रस्तुत देयकों पर नियमानुसार करों का कटौत्रा कर भुगतान किया जायेगा।
9. सफल निविदाकार इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के दो कार्य दिवस के अंदर कुल मुद्रण व्यय की तीन प्रतिशत राशि का राष्ट्रीकृत बैंक से छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति राशि के रूप में जमा कर राशि रूपये 1000 नॉन ज्यूडिशियल/स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। यदि अनुबंध हेतु फर्म का अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित होता है तो अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. मुद्रित सामग्री प्रदाय में विलम्ब की स्थिति में प्रूफ रिडिंग के पश्चात् प्रतिदिवस कुल लागत की 0.5% शास्ति अधिरोपित की जावेगी जो अधिकतम 3% तक होगी।
11. निविदाकार द्वारा निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा तीन प्रतिशत राशि उनके द्वारा समस्त प्रकार के कर अदायगी की पावती/चालान की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने पर मुक्त की जायेगी।
12. उत्तर पुस्तिका की संख्या में वृद्धि/कमी करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास रहेगा।
13. आवश्यकतानुसार उत्तर पुस्तिका मुद्रित करने हेतु पृथक–पृथक आदेश जारी किये जा सकेगें तथा निविदा की दरों पर ही मुद्रण करना होगा।
14. निविदा के साथ निविदाकर्ता को यह घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक है कि इस निविदा मे दी गई मूल्य दर से कम मूल्य की निविदा मध्यप्रदेश राज्य की किसी भी संस्था या कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई है तथा किसी भी कार्यालय द्वारा मुझे या मेरी फर्म को ब्लेकलिस्ट नहीं किया गया है।
15. मुद्रित उत्तर पुस्तिका मुद्रण में विश्वविद्यालय का एकाधिकार होगा एवं उत्तर पुस्तिका प्रदायकर्ता द्वारा पूर्णतः गोपनीय रखा जावेगा, यदि उक्त का उल्घंन होता है तो प्रदायकर्ता फर्म पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।
16. फर्म के पास स्वयं की मुद्रण व्यवस्था/क्षमता होनी चाहिए। इसका आउटसोर्स अमान्य होगा।
17. पेपर सेम्पल तथा क्वालिटी के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा एवं उपरोक्त आधार पर यह आवश्यक नहीं होगा कि न्यूनतम दर वाले की दरे ही मान्य की जावे।

18. उत्तरपुस्तिका प्रदाय में देरी होने पर पेनाल्टी लगाई जानकारी जो संविदा मूल्य का अधिकतम 5 प्रतिशत होगी।

19. एल–1 पाये जाने वाले फर्म का एल–1 का स्पॉट वेरिफीकेशन अनुबंध के पूर्व कराया जावेगा।

20. A Grade paper शीट का पेपर होना चाहिए उसकी ब्राईटनेस 85 प्रतिशत होना चाहिए, एपोसिटी, डेन्सिटी व अन्य आवश्यक मानक पर्याप्त होनी चाहिए।

21. उत्तरपुस्तिकाओं के नमूने का परीक्षण कुलसचिव कार्यालय में कार्यालयीन समय 11:00 बजे से 05:00 बजे के बीच दिनांक 16/02/2026 तक कर सकते हैं।

22. BOQ में यदि कोई कर वर्तमान में शासन द्वारा संचालित हो तो उसे जोड़कर दर अंकित करें केवल जी.एस.टी. विश्वविद्यालय द्वारा अलग से देय होगा।

23. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी स्तर पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय कुलगुरू महोदय का होगा।

**नोट :–** **नियम, तकनीकि एवं वित्तीय शर्तो पर सहमति स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार अपने हस्ताक्षर, रबर सील लगाकर इसे तकनीकि निविदा के साथ संलग्न करें।**

कुलसचिव
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय,
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

## //तकनीकी बीड प्रपत्र 'अ'//

परिशिष्ट 'अ'

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में विभिन्न सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में निविदाकर्ता निम्न प्रमाण–पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

| क्र. | फर्म/अभिकरण/निविदाकार संस्था का नाम | |
|---|---|---|
| 1 | अभिकरण/फर्म का वैध पता (स्थापना/गुमास्ता पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें) | |
| 2 | संचालक/मालिक का नाम | |
| 3 | दूरभाष नंबर एवं ई–मेल आईडी | |
| 4 | अभिकरण/फर्म/संस्था के बैंक खाता (पासबुक संलग्न करें।) | |
| 5 | संस्था का पैन नंबर एवं आधार कार्ड (साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें) | |
| 6 | संस्था/फर्म का GST पंजीयन (प्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 7 | धरोहर राशि /– ( रूपये) का विवरण सहित | |
| 8 | फर्म का इण्डियन बैंक एशोसिएशन में गोपनीय कार्य/एमएसएमई का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र | |
| 9 | निविदा की अन्य शर्ते पूर्ण करनी होगी। | |

निविदाकर्ता फर्म/अभिकरण के विगत तीन वित्तीय वर्षों में आयकर विवरण –

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | रूपये (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 2022–23 | | |
| 2 | 2023–24 | | |
| 3 | 2024–25 | | |

<u>//घोषणा पत्र//</u>

प्रमाणित किया जाता है कि ई–निविदा नियम/शर्ते ठीक से पढ़ने एवं समझने के पश्चात् ही निविदा में दी गई सूचनाएँ एवं उसके साथ लगायें गये दस्तावेज मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य हैं। इसमें किसी भी त्रुटि/लापरवाही/गलत/भ्रामक जानकारी/जानकारी छिपाने, जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने अथवा सम्बंधित दस्तावेजों के ई–निविदा में संलग्न न करने पर निविदा अमान्य अथवा निरस्त की जाती है तो इसके लिये मैं/फर्म/अभिकरण /संस्था जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही हमारे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

तिथि :

निविदाकर्ता/अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम :

फर्म की मोहर :

परिशिष्ट 'व'

# //वित्तीय बीड प्रपत्र//

| क्र. | उत्तरपुस्तिका का प्रकार | प्रति उत्तरपुस्तिका | सकल मूल्य/दर रू. (जीएसटी छोडकर) |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य उत्तर पुस्तिका 32 पृष्ठ | प्रति उत्तरपुस्तिका | |
| 2 | पूरक/प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका 12 पृष्ठ | प्रति उत्तरपुस्तिका | |
| 3 | योग कुल | समस्त प्रकार की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्य (योग) | |

**नोट** – समस्त प्रकार की उत्तरपुस्तिका का न्यूनतम मूल्य जिस निविदाकर्ता की होगी, उसी को कार्यादेश प्रदान किया जावेगा किन्तु अन्य शर्तो का पूरा होना अनिवार्य होगा। समस्त शर्तों, मानक में कमी आदि के अभाव में अन्य निविदाकर्ता को भी कार्यादेश प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन स्वतंत्र होगा। जी.एस.टी अलग से देय होगा।